# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.)

## वार्षिक प्रतिवेदन 2022–23

छात्राओं का स्वर्णिम भविष्य बनाना, उनके संस्कारों में निखार लाना, उनकी प्रतिभा को प्रखर करना, व्यक्तित्व का विकास, मानसिक विकास, माननीय मूल्यों का विकास करना व उन्हें सफलता के उच्चतम सोपान पर पहुँचाने हेतु प्रेरित करना, यह हमारा प्रथम कर्त्तव्य हैं।

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा उक्त उद्देश्य को लेकर ही अध्ययन व अध्यापन के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास की ओर उन्मुख है। यह हाडौती क्षेत्र का सबसे बड़ा शिक्षण संस्थान है जिसमें उच्च शिक्षा के साथ–साथ विभिन्न कौशल विकास एवं रोजगार परक शिक्षा देकर छात्राओं को राष्ट्र निर्माण हेतु तैयार किया जा रहा है।

हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ संचालित है। शैक्षणिक सत्र 2022–23 में महाविद्यालय में कुल 1799 छात्राएँ अध्ययनरत है। महाविद्यालय में शैक्षणिक संकाय में कुल 45 पद और अशैक्षणिक में 34 पद स्वीकृत है। प्राचार्य के अतिरिक्त वर्तमान में शैक्षणिक में 13 आचार्य, 04 सह आचार्य और 11 सहायक आचार्य और 02 संविदा व्याख्याता कार्यरत है। अशैक्षणिक में 04 प्रयोगशाला सहायक, 05 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 01 प्रयोगशाला परिचायक, 01 अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, 03 कनिष्ठ सहायक तथा 01 बुक लिफ्टर कार्यरत है। इसके अतिरिक्त संविदा कर्मी भी कार्यरत है।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में संकाय विकास कार्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स एवं संकाय विकास) में 03 संकाय सदस्य द्वारा रिफ्रेशर कोर्स और 14 संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया एवं शिक्षण पद्धति की नई तकनीक को आत्मसात् किया। प्रोफेसर फातिमा सुल्ताना को 15 अगस्त, 2022 को रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व पर कार्य करने हेतु राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया। 25 जनवरी, 2022 को मतदान दिवस के अवसर पर ईएलसी प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे द्वारा मतदान सम्बन्धी उत्कृष्ट कार्य करने पर, जिला स्तर पर पुरस्कृत किया गया।

सत्र के दौरान महाविद्यालय में संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के लिए 02 कार्यशाला, 02 एफडीपी, 07 कॉन्फ्रेंस/सेमीनार तथा वार्षिक रिसर्च सेमीनार आयोजित करवाई गई।

महाविद्यालय का स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय परीक्षा–2023 का परिणाम उत्कृष्ट रहा। बी.एस.सी. पार्ट तृतीय एवं एम.एस.सी. सेमेस्टर चतुर्थ में कुल 611 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 561 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव द्वारा 15 अगस्त 2022 को कक्षा संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रवेशित 03 छात्राओं का आईआईटी गोवाहाटी में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप हेतु चयन हुआ।

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित अन्तरमहाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की सुश्री मोना जाट ने तिरंदाजी में कास्य पदक जीता। महाविद्यालय की 02 छात्राएँ सुश्री मोना जाट और सुश्री गुंजन मधुकर ने रस्साकस्सी में अन्तर विश्वविद्यालय ऑल इंडिया स्तर पर कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

महाविद्यालय में एनसीसी के प्रथम वर्ष के नामांकन के लिए शारीरिक एवं लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के बाद 19 छात्राओं का चयन हुआ। एनसीसी कैडेट्स ने दिनांक 24 सितम्बर 2022

को पुनित सागर अभियान के तहत किशोर सागर तालाब व छत्रपति शिवाजी पार्क पर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत ''सिंगल यूज प्लास्टिक बैग व स्वस्थ जीवनशैली'' पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। सत्र के अन्त में 12 एनसीसी कैडेट्स ने ''सी'' प्रमाण पत्र व 17 एनसीसी कैडेट्स ने ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा 19 सितम्बर 2022 से 24 सितम्बर 2022 तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एनएसएस, एनसीसी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 27 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर छात्राओं ने 47 यूनिट रक्तदान किया। एनएसएस की स्वयंसेविकाओं द्वारा प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान चलाया गया और प्लास्टिक के अवशेषों को एकत्रित किया गया। दिनांक 11 मार्च से 17 मार्च 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया जिसका विषय ''महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम'' रखा गया।

महाविद्यालय में स्काउट गाइड के अन्तर्गत दिनांक 04 जनवरी 2023 से 10 जनवरी 2023 तक जोधपुर पाली मार्ग स्थित रोहट में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय जम्बुरी में महाविद्यालय की 17 छात्राओं ने भाग लिया। जम्बुरी में एयर शो, विभिन्न खेल एवं एडवेंचर गतिविधियां, फॉक डांस, बैंड डिसप्ले, पीजेन्ट शो, ग्लोबल ग्रामीण गतिविधियां, टेंन्ट पिचिंग, व्यायाम एवं फिजिकल डिसप्ले इत्यादि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। टेन्ट पिचिंग एवं फिजिकल में महाविद्यालय की रेन्जर्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय में राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा दिनांक 08 से 09 फरवरी 2023 को विशाल पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें एक लाख रूपये से अधिक की पुस्तकों की खरीद हुई जिससे अनेक छात्राएँ लाभान्वित होंगी।

महाविद्यालय द्वारा सत्र 2022–23 में छात्राओं के लिए बैगम शाहजहां मेमोरियल ट्रॉफी अन्तर महाविद्यालय वाद–विवाद प्रतियोगिता शुरू की गई जिसमें विजेता छात्राओं को नकद पुरस्कार राशि दी गई और चल वेजयन्ती विजेता महाविद्यालय को दी गई।

महाविद्यालय द्वारा वार्षिक साहित्यिक पत्रिका वाग्धारा का सम्पादन प्रति वर्ष किया जाता है जिसमें शैक्षणिक सत्र की प्रत्येक गतिविधि का सम्पूर्ण ब्यौरा व्यवस्थित रूप से प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में उपलब्ध रहता है।

इस प्रकार यह सत्र अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त अनेक नवाचारों से युक्त अन्य महत्वपूर्ण सह–शैक्षणिक गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से अत्यन्त प्रभावशाली उपलब्धियों से भरा रहा।

मैं छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ

प्राचार्य<br>
जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय<br>
कोटा